

जनवरी–2020

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर
## पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

## सन्देश



वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्य क्षेत्र की विभिन्न चुनौतियों के दौरान असीम निष्ठा, लगन, समर्पण एवं उत्कृष्ट कोटि की व्यवसायिकता दक्षता प्रदर्शित की है। परिणामस्वरुप उत्तर प्रदेश पुलिस सफलता के नये प्रतिमान स्थापित करने में सफल रही। इस हेतु मैं सभी की सराहना करते हुए बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

कुम्भ मेला–2019, प्रयागराज, प्रवासी भारतीय सम्मेलन, वाराणसी, लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019, मा. सर्वोच्च न्यायालय के अयोध्या प्रकरण में निर्णय, नागरिकता संधोशन अधिनियम एवं विदेशी विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण जैसी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील चुनौतियों के दौरान प्रदर्शित सूझ–बूझ एवं व्यवसायिक दक्षता हेतु प्रदेश पुलिस की देश/विदेश में प्रशंसा हुई है।

वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स कॉंग्रेस एवं 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिताएँ भी अद्वितीय रुप से सम्पन्न करायी हैं। संगठनात्मक विकास क्रम में प्रदेश पुलिस को राज्य आपदा मोचन बल, सुल्तानपुर व जालौन में दो पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, एवं पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के भवन प्राप्त हुए हैं।

वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा', ट्विटर हैण्डिल @UPPolNRI, ई–मेल uppolicenri@gmail.com, NRI सेल का गठन, NRI विभाग के साथ सामंजस्य व IGRS पोर्टल की व्यवस्था, डिजि़टल वालेण्टियर, यूपी 100/112, यूपी 100 का रेलवे पुलिस, अग्निशमन सेवा एवं एम्बुलेंस सेवाओं से एकीकरण, वीमेन पावर लाइन 1090, त्रिनेत्र एप, यूपी कॉप एप, जनसमस्याओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, कम्प्लेंट मानीटरिंग सिस्टम, मोबाइल पासपोर्ट पुलिस एप, ई–एफआईआर सहित 27 सेवाओं की जनसुविधा, सीसीटीएनएस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण, कम्प्यूटर फॉरेंसिक इकाई, एन्टी रोमियो स्क्वॉड, बाढ़ राहत, साइबर बुलिंग जागरुकता कार्यक्रम, किशोर न्याय अधिनियम–2015 व बच्चों से सम्बन्धित प्रकरणों पर कार्यशाला, सेफ इण्टरनेट प्रैक्टिसेज़ के प्रति जागरुकता, स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना, यातायात व्यवस्था सुधार व सघन पैरवी द्वारा अपराधियों को सजा कराने जैसी त्वरित कार्यवाहियों से जनता के मध्य पुलिस की छवि उल्लेखनीय रुप से सुधरी है। केरल बाढ़ प्रभावितों को स्वैच्छिक वेतन दान से एकत्र रु. 11 करोड़ मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट व व्यापक वृक्षारोपण भी किया है।

BITS, Pilani, एवं IIT, Kanpur से सहयोग, ISRO, IIT, Kanpur व डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के साथ एम.ओ.यू., सीसीटीएनएस से E-Court, E-Prison एवं E-Prosecution का लिंक, BPR&D और ISRO के साथ Predictive Policing, Data Analysis, Scientific Investigation & IT पर समझौते, वर्चुअल क्लास रूम द्वारा LMS & Digital Content, पुलिस बजट मॉनीटरिंग सिस्टम, BPR&D द्वारा Skill Development पर कार्यशाला, पुलिस रेडियो मेल, इत्यादि तकनीकी कार्यक्रम पुलिस दक्षता में मील के पत्थर साबित हो रहे हैं।

प्रदेश पुलिस को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड 2018 एवं 2019, बिजनेस वर्ल्ड अवार्ड, पुलिस एक्सीलेन्स अवार्ड, यूपी–100/112 को जियो स्मार्ट इण्डिया–2019 अवार्ड व इण्टरनेशनल कॉल सेण्टर अवार्ड (विश्व में तृतीय स्थान), पुलिस संचार के क्षेत्र में प्रयोगों हेतु प्रशंसा चिन्ह, CCTNS-Good Practices Award, पी.टी.सी., मुरादाबाद एवं पी.टी.एस., मेरठ को यूनियन होम मिनिस्टर्स ट्रॉफी, Union Home Minister's Medal for Excellence in Investigation 2018, Union Home Minister's Medal for Excellence in Training 2017-18 तथा पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार का प्रशंसा पत्र, उ.प्र. गौरव सम्मान, शौर्य सम्मान चिन्ह, Financial Inclusion & Literacy Leadership Award-2019 व Transformation Leadership Award-2019 जैसे अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/प्रतिष्ठित पुरस्कार/सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। पुलिसजन में नये उत्साह के संचार हेतु नये 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' व 'उत्कृष्ट सेवा पदक' स्वीकृत कराने, समय से कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान करने, 75 जनपदों में 'Cop of the month' योजना, कल्याण हेतु 85 सब्सिडियरी पुलिस कैण्टीन्स प्रारम्भ करने, सी.जी.एच.एस. दरों पर चिकित्सा सुविधा, कोमा में गये कार्मिकों हेतु असाधारण पेंशन, जैसे कार्य भी प्राथमिकता पर पूर्ण किये गये हैं।

प्रदेश पुलिसजन की सेवा से आमजन पर हुए सकारात्मक परिणामों से स्वयं को संतुष्ट एवं गौरवान्वित महसूस कर मैं, नव वर्ष 2020 हेतु समस्त पुलिस परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के निरन्तर विकासोन्मुखी, प्रगतिशील, उज्जवल एवं सुखद भविष्य के लिए निरन्तर सर्वोत्तम योगदान हेतु आवाहन करता हूँ।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0

## रिज़र्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ में महिला रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षान्त परेड

• दिनांक 15.12.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ की 388 व सीतापुर की 288 महिला रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षान्त परेड–2019 में बतौर मुख्य अतिथि मान–प्रणाम ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. मुख्य मंत्री का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने रिक्रूट्स को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। लखनऊ की अन्जली पाण्डेय एवं सीतापुर की जया तिवारी को सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

श्री सिंह ने शानदार परेड की बधाई दी और कहा कि पुलिस का काम संविधान एवं विधि व्यवस्था का अनुपालन करते हुये समाज को सुरक्षा प्रदान करना है। प्रशिक्षण की रुचि को सेवाकाल में बनाये रखते हुये प्रशिक्षण का उपयोग कर समाज में अपनी सार्थकता स्थापित करने का आवाहन किया। श्री सिंह ने विगत 2 वर्षो में पुलिस में 80 हजार से अधिक भर्ती कार्मिकों को 31 वर्चुअल क्लास रुम द्वारा प्रशिक्षण व केन्द्रीय बलों द्वारा प्रशिक्षण देने तथा आरक्षी से मुख्य आरक्षी पर 35 हजार से अधिक एवं उपनिरीक्षक/निरीक्षक पर 11 हजार से अधिक पदोन्नति देने से अवगत कराया।

मा. मुख्य मंत्री ने शानदार परेड के लिये बधाई व शुभकामनायें दीं और कहा कि पिछले 6 महीने में प्राप्त कठिन प्रशिक्षण सबको कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मी और पेशेवर पुलिस बल का अभिन्न अंग बनने में सहायक होगा। दीक्षान्त समरोह में दर्शकों के रुप में बच्चों को बुलाने को कहा ताकि उनके मन में पुलिस बल का हिस्सा बनने की इच्छा उत्पन्न हो।






## साइबर क्राइम विवेचना और महिला व बालकों के विरुद्ध अपराध पर उ.प्र. के अभियोजकों एवं विवेचकों की राज्य स्तरीय कार्यशाला

• दिनांक 13.12.2019 : मा. मुख्य मंत्री, योगी आदित्यनाथ ने पुलिस मुख्यालय पर ''साइबर क्राइम विवेचना और महिला व बालकों के विरुद्ध अपराध'' पर उ.प्र. के अभियोजकों एवं विवेचकों की 2 दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्‌घाटन कर अभियोजकों एवं विवेचकों की कार्यदक्षता एवं कौशल विकसित करने के लिए दिसम्बर 2019 से प्रकाशित मासिक पत्रिका ''अभियोजन दिग्दर्शिका'' के प्रथम अंक का विमोचन किया। एडीजी, अभियोजन ने कार्यशाला में उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की उपयोगिता से अवगत कराया।

श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य अतिथि, मा. योगी आदित्यनाथ का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री सिंह ने बताया कि पुलिस/प्रशासनिक/अभियोजन अधिकारियों, पुलिस विभाग के विवेचकों हेतु आयोजित इस प्रथम कार्यशाला का उद्‌देश्य पुलिस एवं अभियोजन के मध्य आपसी समन्वय एवं एकीकृत तरीके से कार्य कर सार्थक परिणाम हेतु प्रशिक्षित करना है। श्री सिंह ने मा. मुख्य मंत्री के प्रशिक्षण, एकीकरण व समन्वय पर बल दिये जाने के क्रम में बताया कि पहली बार प्रशिक्षण निदेशालय में वर्चुअल क्लास रुम का उद्‌घाटन कर 92 ट्रेनिंग सेण्टर पर एक साथ प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया गया। विभागों के एकीकरण के परिपेक्ष्य में यूपी 112 को फायर, जीआरपी, एम्बुलेंस, अस्पताल आदि से एकीकृत किया गया है। विभागीय समन्वय क्रम में पहली बार अभियोजन विभाग को शामिल किया गया है। ई–प्रॉज़ीक्यूशन सिस्टम समस्त जनपदों में लागू किया गया है। समन्वय के कारण पॉक्सो एक्ट में औरैया व अन्य जनपदों में अल्प अवधि में अभियुक्तों को मा. न्यायालय से सजा दिलायी गयी। अभियोजन अधिकारियों में पहली बार, औरैया के अधिकारियों को, पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया है।

मा. मुख्य मंत्री ने कार्यशाला में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., अपर मुख्य सचिव, गृह, उपस्थित अधिकारियों, महानुभावों व प्रतिभागियों को कार्यशाला के सम्बन्ध में बधाई व शुभकामनायें दीं व कार्यशाला से बेहतर निष्कर्ष पर पहुँचने तथा व्यापक कार्ययोजना के साथ इसे आगे बढ़ाने में सफलता की आशा की। मा. मुख्य मंत्री ने साइबर क्राइम की बदलती प्रवृत्ति के दृष्टिगत परिक्षेत्र स्तर पर साइबर थाना एवं फॉरेंसिक लैब स्थापित करने तथा प्रदेश में फॉरेंसिक और पुलिस विश्वविद्यालय स्थापित करने के निर्णय से भी अवगत कराया।

• दिनांक 14.12.2019 : कार्यशाला का समापन मुख्य अतिथि, मा. कैबिनेट मंत्री विधायी एवं न्याय तथा ग्रामीण अभियंत्रण, श्री बृजेश पाठक ने किया व उपस्थित प्रमुख सचिव, न्याय, एडीजी, अभियोजन, अन्य अभियोजन अधिकारीगण, विवेचकगण, विशेषज्ञों एवं महानुभावों को शुभकामनायें एवं बधाई दी।


## सम्मान

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार का प्रशंसा पत्र

• दिनांक 11.12.2019 : श्री अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार, भारत सरकार, नई दिल्ली ने अयोध्या प्रकरण में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पश्चात् प्रदेश में उच्चकोटि की शान्ति/कानून–व्यवस्था हेतु श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को प्रदत्त प्रशंसा पत्र में निम्न उल्लेख किया है–

"I feel privileged to compliment you for your extraordinary efforts and exemplary leadership in handling the situation, following the Supreme Court Verdict on Ram Mandir issue. The Police force and the State administration displayed a high degree of professionalism, commitment and imagination both before and after the pronouncement of judgement. The promptness, tenacity and synergy displayed at the district and even Police Station levels in anticipating and preparing for the situation is commendable. An incident-free and amicable atmosphere prevailing in Uttar Pradesh is a testimony to your efforts.

I take this opportunity to convey my appreciation to leadership and all ranks of UP Police. I am confident that UP Police will keep up the good work in future, under your able leadership.

With best wishes,

(Ajit Doval)"

## सराहनीय कार्य

• दिनांक 31.12.2019 : गोरखपुर में 3 चोर गिरफ्तार, रु. 3,61,500.00 नकद, रु. 20 लाख के सोने के आभूषण, 1 मोटरसाइकिल, आदि बरामद।

• दिनांक 27.12.2019 : वाराणसी में लूट/हत्या के 3 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के 9.596 कि.ग्रा. चाँदी व 34.85 ग्राम सोने के आभूषण बरामद।

• दिनांक 26.12.2019 : गौतमबुद्धनगर से 4 चोर चोरी के 25 लैपटाप व नकदी सहित गिरफ्तार। गाज़ियाबाद से दो चोर गिरफ्तार, जल निगम के रु. 12 लाख के 149 पाइप बरामद।

• दिनांक 20.12.2019 : इटावा से रु. 25–25 हजार के 3 इनामी सहित 6 अपराधी गिरफ्तार, लूट के रु. 20,61,000.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

• दिनांक 17.12.2019 : बागपत में लुटेरा गिरफ्तार, लूट का लगभग रु. 50 लाख का ट्रक मय कम्बल, प्रयुक्त 1 कार, आग्नेयास्त्र, बरामद; बरेली में डकैती के 8 अभियुक्त मय रु. 47 लाख, प्रयुक्त 1 कार, आग्नेयास्त्र, आदि गिरफ्तार।

• दिनांक 12.12.2019 : गाज़ियाबाद में मैट्रो ट्रेन लाईन से केबिल तार चोरी करने वाले 5 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के 2 मोबाइल फोन, 2 चार पहिया वाहन, 4 बंडल 33 केवी केबिल तार, 1 कटर, 6 ब्लेड, आदि बरामद।

• दिनांक 09.12.2019 : जनपद फतेहगढ़ के थाना कमालगंज क्षेत्र से 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के प्रकरण में लड़की के परिजनों, द्वारा फोन किये गये, अनुरोध पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने त्वरित कार्यवाही एवं मॉनीटरिंग से दिल्ली/कोलकाता में स्थान बदलते हुए लोकेशन मिली। नाबालिग लड़की को दिनांक 09.12.2019 को व अभियुक्त को दिनांक 10.12.2019 को गिरफ्तार कराया।

• दिनांक 06.12.2019 : कौशाम्बी में 5 चोर मय चोरी

के 10 विद्युत ट्रान्सफॉर्मर, लोडर, आदि गिरफ्तार।

- दिनांक 02.12.2019 : कानपुर नगर में 3 अपराधी मय चोरी के रु. 10 लाख नकद व रु. 18 लाख के सोने–चाँदी के जेवर, आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।
- दिनांक 01.12.2019 : कानपुर देहात में डीज़ल चोरी के संगठित गिरोह के 19 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के 17 ड्रम व 2 कट्टी में 2060 लीटर डीज़ल, 4 चार पहिया वाहन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

- दिनांक 11.12.2019 : भारतीय जाली मुद्रा का अवैध कारोबार करने वाला अभियुक्त रु. 2,49,050.00 की उच्च गुणवत्ता की भारतीय जाली मुद्रा के साथ रेलवे स्टेशन, गाज़ियाबाद से गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 26.12.19 | जौनपुर | 01 | 07.12.19 | वाराणसी | 01 |
| 09.12.19 | प्रतापगढ़ | 01 | 06.12.19 | पंजाब | 01 |
| 07.12.19 | प्रयागराज | 01 | 04.12.19 | कन्नौज | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| 06.12.19 | आगरा | 01 | 03.12.19 | रायबरेली | 01 |

#### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 28.12.19 | झाँसी | 4000ली. | — | –– | 01 |
| 21.12.19 | कानपुरनगर | 638 | — | 1.1 करोड़ | 02 |
| 13.12.19 | कौशाम्बी | 970 | — | 50 लाख | 01 |
| 08.12.19 | अयोध्या | –– | 300 ग्रा. स्मैक | 36 लाख | 02 |

- दिनांक 25.12.2019 : आर्मी एवं उ.प्र. पुलिस में भर्ती कराने हेतु अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी के उद्देश्य से अनुचित लाभ लेने व फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले बुलन्दशहर से गिरफ्तार।
- दिनांक 20.12.2019 : 2 अन्तर्राज्यीय असलहा तस्कर 2 अवैध असलहों सहित प्रयागराज से गिरफ्तार।
- दिनांक 18.12.2019 : आजमगढ़ कारागार में निरुद्ध कुख्यात अपराधी उधम सिंह गैंग के सक्रिय सदस्यों एवं अवैध असलहा तस्करों सहित 4 अपराधी गिरफ्तार।
- दिनांक 16.12.2019 : एटीएम कार्ड का 'क्लोन' तैयार कर खातों से रुपये निकालने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 'क्लोनिंग मशीन (स्किमर)', 'एटीएम मैग्नेटिक कार्डरीडर', लैपटॉप, 14 एटीएम कार्ड, एटीएम के कैश डिस्पेंसर में फँसाने वाला हस्त निर्मित उपकरण व रु. 3.69 लाख नकद बरामद।
- दिनांकः 09.12.2019 : कानपुर नगर से सीटैट परीक्षा का पेपर आउट कराने वाला सरगना व 2 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 08.12.2019 : केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) 2019 में सॉल्वर गैंग के सरगना सहित 10 सदस्य मुरादाबाद से गिरफ्तार।
- दिनांक 07.12.2019 : महाराष्ट्र, तेलंगाना आदि राज्यों में चोरी, लूट एवं डकैती करने वाले गिरोह के 4 सदस्य मेरठ से गिरफ्तार।
- दिनांक 03.12.2019 : दबाव बनवाकर कम्पनी में ट्रान्सपोर्ट का ठेका लेने एवं उद्यापन करने वाले अभियुक्त गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 15.12.19 | अम्बेडकरनगर | 01 |
| 23.12.19 | जौनपुर | 01 | 09.12.19 | अमेठी | 01 |
| 19.12.19 | बस्ती | 01 | 08.12.19 | सुल्तानपुर | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 06.12.19 | बाराबंकी | 04 |
| 27.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 06.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 24.12.19 | अम्बेडकरनगर | 01 | 05.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 24.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 05.12.19 | शामली | 01 |
| 23.12.19 | बागपत | 01 | 05.12.19 | झाँसी | 01 |
| 21.12.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 05.12.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.12.19 | अम्बेडकरनगर | 01 | 04.12.19 | रामपुर | 01 |
| 20.12.19 | इटावा | 03 | 04.12.19 | गाज़ियाबाद | 02 |
| 17.12.19 | हरदोई | 01 | 04.12.19 | कानपुरनगर | 02 |
| 16.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 03 | 03.12.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 14.12.19 | मथुरा | 01 | 03.12.19 | एटा | 01 |
| 14.12.19 | अम्बेडकरनगर | 02 | 02.12.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 12.12.19 | गोरखपुर | 01 | 01.12.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 10.12.19 | बाराबंकी | 01 | 30.11.19 | सोनभद्र | 01 |
| 09.12.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 30.11.19 | मेरठ | 02 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 06.12.19 | बुलन्दशहर | 02 |
| 29.12.19 | हरदोई | 01 | 05.12.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 16.12.19 | कुशीनगर | 01 | 02.12.19 | अम्बेडकरनगर | 02 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 14.12.19 | शामली | 01 |
| 27.12.19 | जालौन | 01 | 13.12.19 | एटा | 01 |
| 23.12.19 | कुशीनगर | 01 | 09.12.19 | रायबरेली | 01 |
| 18.12.19 | खीरी | 02 | 05.12.19 | श्रावस्ती | 01 |
| 17.12.19 | सम्भल | 01 | 03.12.19 | मथुरा | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | 21.12.19 | कौशाम्बी | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.12.19 | अमेठी | –– | 20कि.ग्रा.गाँजा | 15 लाख | 03 |
| 28.12.19 | बाराबंकी | 600 | — | 30 लाख | 01 |
| 25.12.19 | बाराबंकी | –– | 110ग्रा. मॉर्फीन | 30 लाख | 01 |
| 25.12.19 | बागपत | 565 | — | 40 लाख | 02 |
| 24.12.19 | कौशाम्बी | –– | 50.9 कि.ग्रा.गाँजा | –– | 02 |
| 24.12.19 | बागपत | 1285 | — | 1 करोड़ | 02 |
| 23.12.19 | बरेली | 800 | — | 28 लाख | 02 |
| 21.12.19 | गाज़ियाबाद | 120 | — | –– | 02 |
| 19.12.19 | बाराबंकी | –– | 125ग्रा. मॉर्फीन | 35 लाख | 01 |
| 18.12.19 | गौतमबुद्धनगर | –– | 63कि.ग्रा.अफीम | 1 करोड़ | 02 |
| 17.12.19 | बागपत | –– | 45कि.ग्रा.गाँजा | 9 लाख | 04 |
| 17.12.19 | जौनपुर | 170 | — | 8 लाख | 02 |
| 17.12.19 | शामली | शराब | — | 5.8 लाख | 03 |
| 15.12.19 | मथुरा | 575 | — | 8.5 लाख | 01 |
| 14.12.19 | अमेठी | –– | 55 ग्रा. स्मैक | 2.5 लाख | 02 |
| 13.12.19 | फिरोज़ाबाद | 1136 | — | 33 लाख | 01 |
| 11.12.19 | एटा | 336 | — | 20 लाख | 02 |
| 11.12.19 | कानपुरदेहात | 753 | — | 50 लाख | 02 |
| 09.12.19 | सोनभद्र | 1175 | — | 85 लाख | 02 |
| 09.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 489 | — | –– | 06 |
| 08.12.19 | रायबरेली | 675 | — | 22.68लाख | 03 |
| 05.12.19 | गौतमबुद्धनगर | 450 | — | 17 लाख | 01 |
| 03.12.19 | सोनभद्र | 440 | — | 31 लाख | 02 |
| 03.12.19 | बरेली | –– | डोडा पाउडर | 8 लाख | 03 |
| 02.12.19 | बरेली | 480 | — | 10.5लाख | 01 |
| 02.12.19 | मथुरा | 400 | — | 10 लाख | 01 |
| 01.12.19 | संतकबीरनगर | 1100 | — | 50 लाख | 06 |
| 30.11.19 | मुरादाबाद | 1400 | — | 51 लाख | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद कानपुर देहात, अमेठी, बलिया, मुज़फ्फरनगर, खीरी, बदायूँ, कौशाम्बी, हापुड़, प्रतापगढ़, गौतमबुद्धनगर, देवरिया, एटा, कानपुर नगर, शामली, सहारनपुर, मथुरा, कुशीनगर, अमरोहा, झाँसी, गाज़ियाबाद, बागपत, रायबरेली, सम्भल, इटावा, मैनपुरी, लखनऊ, वाराणसी इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों, इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र / शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 06.12.19 | महोबा | 2 तमंचे, आदि | 01 |

## अभियान एवं उपलब्धियाँ

- **नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरुद्ध हिंसा व विरोध में प्रदेश पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही**

<table>
<tr><td colspan="5">सोशल मीडिया प्लेटफार्म सम्बन्धित</td></tr>
<tr><td>पंजीकृत अभियोग</td><td>गिरफ्तारी</td><td colspan="3">20950 पोस्ट विरुद्ध कार्यवाही</td></tr>
<tr><td rowspan="2">95</td><td rowspan="2">125</td><td>ट्विटर</td><td>फेसबुक</td><td>यूट्यूब</td></tr>
<tr><td>10380</td><td>10389</td><td>181</td></tr>
<tr><td colspan="5">विधि विरुद्ध प्रदर्शनों, आगजनी, तोड़फोड़ एवं पुलिस पर फायरिंग सम्बन्धी</td></tr>
<tr><td colspan="2">पंजीकृत अभियोग</td><td>गिरफ्तारी</td><td colspan="2">हिरासत (निरोधात्मक)</td></tr>
<tr><td colspan="2">372</td><td>1246</td><td colspan="2">5558</td></tr>
<tr><td colspan="2">मृत व्यक्ति</td><td>घायल पुलिसकर्मी</td><td colspan="2">बरामद शस्त्र</td></tr>
<tr><td colspan="2">19</td><td>288 (61 फायर आर्म से)</td><td colspan="2">35 तमंचे, 69 जिन्दा कारतूस, 647खोखे</td></tr>
</table>

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालाध्यक्ष, एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न डीजी परिपत्रों द्वारा निर्देश निर्गत किये हैं–

1) संख्या–54/2019 दिनांक 24.12.2019 : अवमानना अप्लीकेशन संख्या–5621/2011 बृजेन्द्र सिंह यादव बनाम धर्मवीर सिंह व अन्य के परिपेक्ष्य में मा. न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन हेतु निर्देश,

2) संख्या–53/2019 दिनांक 19.12.2019 : बालिकाओं/महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों में धारा 164 द.प्र.सं. के अन्तर्गत पीड़िता के बयानों की प्रतियाँ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में निर्देश,

3) संख्या–52/2019 दिनांक 06.12.2019 : मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 04.11.2019 एवं ई.पी.सी.ए. के निर्देश दिनांक 04.11.2019 के अनुपालन में कृषि अपशिष्ट के सम्बन्ध में निर्देश,

4) संख्या–51/2019 दिनांक 05.12.2019 : क्रिमिनल मिस. बेल अप्लीकेशन संख्या–23824/2019, अब्दुल रज्जाक बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 15.10.2019 के अनुपालन के सम्बन्ध में निर्देश, एवं

5) संख्या–50/2019 दिनांक 02.12.2019 : क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन सं.–16228/2019 नवल डे भारती बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.07.2019 के अनुपालन हेतु निर्देश।

### अन्य निर्देश

- दिनांक 30.12.2019 : नव वर्ष–2020 के अवसर पर सुरक्षा–व्यवस्था, गश्त की प्रभावी/सघन कार्यवाही, सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध के निर्देश ।
- पत्र संख्याःडीजी–आठ–96 (निर्देश)–2019 दिनांक 29.12.2019 द्वारा दिनांक 31.12.2019 को पूर्वान्ह 1100 बजे अपने–अपने कार्यालय/इकाईयों में नियुक्त पुलिस कर्मियों का सम्मेलन आहूत करने हेतु निर्देश।
- दिनांक 24.12.2019 : कानून–व्यवस्था सम्बन्धी भावी चुनौतियों के दृष्टिगत पुलिस मुख्यालय व लखनऊ के अधिकारियों की ब्रीफिंग व निर्देश तथा क्रिसमस–डे पर पैदल गश्त के निर्देश।

- दिनांक 23.12.2019 : सी.ए.ए. के विरोध में घटित घटनाओं में पंजीकृत अभियोग की निष्पक्ष विवेचना के सम्बन्ध में निर्देश।
- जनपदों में स्थापित न्यायालय परिसरों, न्यायिक अधिकारियों, वादकारियों आदि की सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था हेतु दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु निर्देश।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिये गये निर्देश

- दिनांक 03.12.2019 : मुख्यालय 112 से समस्त ज़ोनल एडीजी, रेन्ज आईजी/डीआईजी, एसएसपी/एसपी प्रभारी जनपद को 6 दिसम्बर को प्रस्तावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था सम्बन्धी निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण

- इटावा भ्रमण : दिनांक 04.12.2019 : इटावा में लायन्स सफारी का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये। पुलिस लाइन में बैरक, मैस, क्लास रुम, मनोरंजन कक्ष का निरीक्षण व राजपत्रित पुलिस गेस्ट हाउस का लोकार्पण किया। वर्ष 2019 बैच की 5 जनपदों की 278 प्रशिक्षणाधीन महिला रिक्रूट आरक्षियों को महिला अपराधों एवं समसामयिक विषयों, पुलिस के नये एप के बारे में जागरुक कर महिला अपराधों के प्रति संवेदनशील बनने व परिश्रम से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। अपराध एवं कानून–व्यवस्था के सम्बन्ध में कानपुर ज़ोनल एडीजी, परिक्षेत्रीय आईजी, एसएसपी, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया सहित उक्त जनपदों के पुलिस अधिकारीगण की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये।







- रेडियो मुख्यालय, लखनऊ : दिनांक 03.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आकस्मिक भ्रमण कर स्टाफ सम्मेलन में दैनिक कार्य सम्बन्धी एवं व्यक्तिगत समस्याओं की जानकारी ली। 'सी.जी.एच.एस.' दर पर उ.प्र. पुलिस कार्मिकों को चिकित्सा सुविधा, सब्सिडियरी पुलिस कैण्टीन, पुलिस की कल्याण योजनाओं की जागरुकता की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक संख्या में पुलिस कल्याण उपायों का लाभ उठाने हेतु जागरुक किया। श्री सिंह ने पुलिस रेडियो को अत्याधुनिक बनाने तथा विभाग को इस प्रकार समुन्नत करने जिससे विभागों में आपस में समुन्नत रहने हेतु प्रतिस्पर्धा हो, के विकास पर बल दिया। श्री सिंह ने कार्य संस्कृति में बदलाव, विभाग के तकनीकी उन्नयन, जनसुविधाओं के विकास तथा महिलाओं से उनकी कठिनाईयों एवं विभाग में उनके हित संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। श्री सिंह ने कनिष्ठों के मार्गदर्शन, आर्गेनिक रिलेशन बढ़ाने, समय प्रबन्धन, क्षमता एवं मौलिक विचार शक्ति पहचानाने, मदद करने व कार्य क्षमता में वृद्धि की अपेक्षा की।

## विविध

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशन में सम्पूर्ण प्रदेश के लगभग 1 लाख पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद : दिनांक 31.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पूर्वान्ह 1100 बजे पुलिस मुख्यालय की ईकाइयों के राजपत्रित/अराजपत्रित पुलिस कर्मियों का सम्मेलन कर वर्ष 2019 की उपलब्धियों एवं नववर्ष 2020 की सम्भावित चुनौतियों के सम्बन्ध में संवाद किया। सभी पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों ने जनपदों/इकाईयों में कार्मिकों से सीधे संवाद किया।
- जनपदीय न्यायालयों की सुरक्षा के दृष्टिगत बैठक : दिनांक 31.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. उच्च न्यायालय के निर्देशों के परिपेक्ष्य में जनपदीय न्यायालयों की सुरक्षा–व्यवस्था के दृष्टिगत समीक्षा बैठक की।
- मा. न्यायालय की प्रभावी सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण : दिनांक 28.12.2019 : मा. न्यायालय की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशानुसार प्रशिक्षण विद्यालय सुरक्षा विभाग, लखनऊ में सम्पन्न टी.ओ.टी. (ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर) कोर्स में 69 निरीक्षक/उपनिरीक्षक सम्मिलित हुए।
- प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को सम्बोधन : दिनांक 16.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 71वें आरआर बैच (वर्ष 2018) के 15 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को सम्बोधित किया व जिज्ञासाओं का उत्तर दिया।
- प्रथम राष्ट्रीय जूनियर जुजुत्सू चैम्पियनशिप सम्पन्न : दिनांक 15.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में उ.प्र. में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय जूनियर जुजुत्सू चैम्पियनशिप समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर समापन किया। राज्यों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने स्पर्धाओं में भाग लिया।



- पीआरवी पर नियुक्त 40 महिला कर्मियों का प्रशिक्षण : दिनांक 14.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने रात्रि में 1000 बजे से प्रातः 0600 बजे तक महिलाओं की सुरक्षा हेतु तैनात पीआरवी के दायित्व व महिला पीआरवी के संचालन क्रम में, महिलाओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने हेतु, पीआरवी पर नियुक्त 40 महिला कर्मियों को उनके कार्य, उत्तरदायित्वों एवं व्यवहारिक कौशल के बारे में यूपी 112 मुख्यालय पर प्रशिक्षित किया।
- दीक्षान्त समारोह : दिनांक 13.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने रिज़र्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ में लखनऊ व सीतापुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही, वर्ष 2018 की भर्ती 41 महिला रिक्रूट आरक्षियों को आठ अन्त:विषयों व 10 बाहय विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बड़ा खाना का आयोजन भी किया गया।





- लखनऊ के थानों पर नियुक्त महिला निरीक्षक/उपनिरीक्षक/आरक्षियों से महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में विचार-विमर्श : दिनांक 13.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने गोष्ठी कर व्यक्तिगत समस्याओं की जानकारी ली व महिला सुरक्षा सम्बन्धी विचार–विमर्श कर निर्देश दिये। थाना अलीगंज में नियुक्त महिला आरक्षी प्रिया को अच्छी जानकारी होने पर नकद पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया।
- महिला/बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में एन.जी.ओ. के साथ बैठक : दिनांक 11.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर सीतापुर, कानपुर नगर, गोरखपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, खीरी, प्रयागराज, रायबरेली, इटावा, कानपुर देहात, बाराबंकी, अमेठी, हरदोई, उन्नाव, फतेहगढ़, अम्बेडकरनगर में सक्रिय एन.जी.ओ., जो महिला/बालिकाओं सम्बन्धी अपराधों में काउन्सलिंग करते हैं, के साथ बैठक व विमर्श कर पुलिस की संवेदनशीलता व कार्यशैली के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की।
- महिला सम्बन्धी अपराधों के निस्तारण एवं समस्याओं के समाधान के ढाँचागत सरलीकरण पर चर्चा : दिनांक 10.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर महिला सम्मान प्रकोष्ठ, 1090, यूपी कॉप एवं क्राइम आदि में दर्ज महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों के निस्तारण हेतु सिंगल विन्डो सिस्टम पर चर्चा कर उनका त्वरित निस्तारण करने हेतु ढाँचागत सुधार एवं मानवीय संसाधन पर विचार–विमर्श कर निर्देश दिये।
- 'मानवाधिकार दिवस' पर 'मानवाधिकार शपथ': दिनांक 10.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर प्रातः शपथ दिलायी।
- पुलिस आधुनिकीकरण समीक्षा बैठक : दिनांक 10.12.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर पुलिस आधुनिकीकरण वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्वीकृत उपकरणों के क्रय आदि सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।
- साइबर क्राइम अन्वेषण कार्यशाला : दिनांक 02.12.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ एवं साइबर क्राइम मैन्युअल का विमोचन किया। श्री सिंह ने वर्तमान परिवेश में साइबर क्राइम को बड़ी एवं विकराल चुनौती तथा उ.प्र. में साइबर अपराध पंजीकरण को संतोषजनक बताया। श्री सिंह ने कहा कि उ.प्र. पुलिस की एसटीएफ, एटीएस, वीमेन पावर लाइन 1090, सीसीटीएनएस, सेवा 112 व सोशल मीडिया (ट्विटर सेवा) को दक्षता और निरन्तर परिणाम देने की क्षमता के लिए देश में जाना जाता है। इस श्रृंखला में अगला मील का पत्थर साइबर अपराध शाखा साबित होगी। श्री सिंह ने अपराध के बहुचर्चित 'सामान्य गतिविधि सिद्धांत' के अनुसार अपराध को त्रिभुज की तीन भुजाओं–Target, Criminal तथा Opportunity में दर्शित कर अपराध नियंत्रण हेतु Target तथा Opportunity पर काम करना लाभदायक बताया। श्री सिंह ने सफल होने हेतु विशेषज्ञ बनने बल दिया। कार्यशाला में 1. श्री अमित दुबे, चीफ मेंटर, रुट 63 फाउडेंशन, 2. मिस खुशबू जैन, एडवोकेट, मा. उच्चतम न्यायालय, 3. श्री रक्षित टण्डन, साइबर एक्सपर्ट, 4. श्री सत्येन्द्र शर्मा, फाइनेंन्सियल क्राइम इन्वेस्टीगेटर, 5. श्री उत्सव मित्तल, डिजिटल फॉरेन्सिक एक्सपर्ट, 6. श्री नरेश शर्मा, डी.एस.पी., सीबीबीआई ने भी सम्बोधन किया। कार्यशाला में 386 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



निर्देशन : श्री सुनील कुमार गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री श्रीश्चन्द्र, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500